Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 07-03-2007

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

Title: Need to include and upgrade the Industrial Training Institute of Bundelkhand Region under the Centrally Sponsored Scheme launched for the betterment of ITI's -laid.

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0) : महोदय, देश में विश्व स्तर के तकनीशियन तैयार करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा घरेलू तथा विश्व बैंक निधिकरण की सहायता से 500 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में माडयूलर पद्वति के आधार पर बहु-कौशलीय पाठयक्रम आरंभ किये जा रहे हैं। यह बहुत ही खुशी की बात है।

महोदय, उत्तर प्रदेश के अति पिछड़े क्षेत्र बुंदेलखंड के महोबा, हमीरपुर, जालौन, बांदा, झांसी एवं ललितपुर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की हालत बहुत दयनीय है। अतः उक्त क्षेत्र के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की हालत सुधारने, छात्रों को विश्व स्तर का तकनीशियन बनाने तथा उचित रोजगार उपलब्ध कराने हेतु सभी जिलों को इस योजना में प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया जाना तथा सभी तरह की सुविधाएं जो अन्य राज्यों के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को केन्द्र द्वारा उपलब्ध करवायी जा रही हैं, को भी उपलब्ध कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। उक्त क्षेत्र में 20 हजार की आबादी पर एक औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र खोला जाना अत्यंत आवश्यक है। बुंदेलखंड क्षेत्र अत्यंत पिछड़ा हुआ है। यहां पर रहने वाली जनता बहुत ही गरीब एवं पिछड़ी हुई है, जिस कारण निजी संस्थानों में भारी भरकम फीस देकर अपनी पढ़ाई नहीं कर पाती। परिणमस्वरूप यहां के छात्र सुविधाओं के अभाव में पिछड़ जाते हैं और मजदूरी एवं छोटे मोटे काम करके गुजारा करते हैं। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के अभाव के कारण ज्यादातर जनता अकुशल मजदूर के रूप में कार्य करती है। लोगों का जीवन स्तर सुधारने तथा क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने के लिए उक्त योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर बुंदेलखंड के उक्त सभी जिलों में लागू किया जाए तथा आवश्यकता के आधार पर नए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को खोला जाए। वर्तमान में स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्रों में दूसरी और तीसरी पाली में प्रशिक्षण दिलाने की व्यवस्था करायी जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा छात्रों को प्रशिक्षण मिल सके तथा प्रशिक्षण मिलने के उपरांत रोजगार उपलब्ध कराने में मदद मिल सके और बुंदेलखंड के लोगों का जीवन स्तर सुधर सके।